My 1st Choice

TM No: 2380387

(2)

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) कार्यवाही विवरण एवं वार्षिक कार्यान्वयन प्रतिवेदन



आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

17 वीं बैठक
दिनांक - 20/07/2022

आज दिनांक 20-07-2022 को अपराह्न 2:00 बजे महाविद्यालय सभाकक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में सत्र 2022-23 की आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की प्रथम बैठक आयोजित की गई, जिसकी कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है :-

1. सर्वप्रथम प्राचार्य ने सभाकक्ष में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए IQAC की शिक्षा गुणवत्ता में भूमिका एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से चर्चा की। संयोजक श्री एन. के. सिंह ने बैठक के एजेंडे के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी।

2. समिति ने सर्वप्रथम पूर्व में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की और पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

3. समिति ने शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार समस्त गतिविधियाँ संचालित करने का निर्णय लिया। इसके तहत छात्रसंघ गठन, यूनिट एवं सत्र परीक्षाएँ, खेल-कूद गतिविधियाँ, पठन-पाठन समय पर सम्पन्न हो सके।

4. समिति ने कक्षाओं के बेहतर संचालन को बढ़ावा देने, छात्र-छात्राओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने, शिक्षकों के लिए शैक्षणिक डायरी का विधिवत संधारण करने और वर्ष भर शैक्षणेत्तर गतिविधियों को संचालित करने

और उसमें विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया। विद्यार्थियों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए छात्रों के अभिभावकों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। समिति ने नवाचार के तहत मल्टीमिडिया, प्रोजेक्टर, डिस्प्ले बोर्ड के उपयोग पर जोर दिया।

5. समिति ने स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिकतम गुणवत्ता पर बल देते हुए CBCS पाठ्यक्रम के तहत नियमित रूप से सेमीनार, लेक्चर, दत्तकार्य, परियोजना कार्य आदि निर्धारित समय पर पूर्ण करने पर बल दिया।

6. समिति ने ग्रंथालय द्वारा N-List की सदस्यता को निरन्तर जारी रखने एवं ग्रंथालय में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम प्रयोग करने पर जोर दिया।

7. समिति ने नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के स्वागत समारोह सह ओरियेंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला ताकि महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बेहतर बन सके।

8. समिति ने महाविद्यालय परिसर की हरियाली बनाए रखने हेतु वर्षा के दौरान अगस्त माह में पौधरोपण पखवाड़ा के आयोजन का निर्णय लिया साथ ही परिसर की स्वच्छता हेतु शिक्षक-छात्र भागीदारी के तहत नियमित रूप से साफ-सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया।



9. समिति ने सामाजिक दायित्व के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना, तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने, छात्र/छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनके माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया।

10. समिति ने महाविद्यालय के सतत विकास हेतु समस्त समितियों का नियमित अंतराल बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया।

11. महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को कम्प्यूटर साक्षर बनाने हेतु सप्ताह में एक दिन कम्प्यूटर कक्षा तथा आधारभूत ज्ञान प्रयोग के द्वारा कराने का निर्णय लिया गया।

12. विगत सत्रों की भाँति साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु समिति गठित कर प्रत्येक शनिवार को कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

13. समिति ने महाविद्यालय में आधारभूत संसाधन को बढ़ावा देने के लिए और विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक से जोड़ने के लिए Screen touch display board क्रय करने का निर्णय लिया गया।

14. महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं हेतु नवीन परिचय-पत्र बनवाने का निर्णय लिया गया साथ ही परिचय-पत्र धारण करना सुनिश्चित किया गया।

उपरोक्त प्रस्तावों तथा कार्ययोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और महाविद्यालय के पठन-पाठन का उत्कृष्ट माहौल और बेहतर अनुशासन के साथ शिक्षा देने के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ।

IQAC की इस बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे।

01. शैलेश कुमार कन्नौजिया
02. अनिल पाल
03. विद्या राजपूत — V.Rajput
04) पुगन्ती श्रीवास
05) निशा कुमारी — Nisha Kumari
06) कुणाल कुमार सोनी
07) शिवकुमारी
8) सुनीता मिरन्ती
09) फूलचन्द कुजूर
10) गोलू कुमार साहू — Golusahu
11) ओम शरण शर्मा
12 रामसुन्दर राम

नन्द किशोर सिंह
IQAC प्रभारी

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

18 वीं बैठक – दिनाँक – 11/11/2022

आज दिनाँक 11/11/2022 को IQAC की अठारहवीं बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता एवं IQAC के सदस्यों की उपस्थिति में अपराह्न 3:00 बजे महाविद्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है:—

1. समिति द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी छात्र/छात्राओं के शत-प्रतिशत नामांकन हेतु चर्चा की गई।

2. प्रत्येक माह के इकाई-मूल्यांकन कराये जाने पर जोर देते हुए मूल्यांकन पंजी में अंक दर्ज कराने पर प्रकाश डाला गया।

3. जनवरी 2023 के प्रथम सप्ताह में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

4. समयानुसार प्रत्येक कक्षा के विषयवार पाठ्यक्रम पूर्णता एवं निरन्तरता पर चर्चा की गई एवं फरवरी के अन्त तक पाठ्यक्रम पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

5. निरन्तर चल रहे समय-सारणी में आंशिक संशोधन करने का निर्णय लिया गया ताकि सभी विषयों को अतिरिक्त समय मिल सके।

6. AQAR भरने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द AQAR भरने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जावे।

7. राष्ट्रीय सेवा योजना के सात-दिवसीय विशेष-शिविर हेतु जल्द ही स्थल का चयन कर विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजा जाए, ताकि समय पर शिविर का आयोजन किया जा सके।

8. सभी समितियां, समयानुसार बैठकों का आयोजन कर गतिविधियां पूर्ण करें।

9. महाविद्यालय परिसर को "पॉलीथीन मुक्त परिसर" बनाने के प्रयास पर जोर देते हुए प्रत्येक कक्षा के छात्रों से सहयोग लेने का निर्णय लिया गया।

10. सांस्कृतिक / साहित्यिक / कला प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन किया जाये ताकि छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम की तैयारी हेतु पर्याप्त समय मिल सके।

11. जिला स्तरीय अन्तरमहाविद्यालीन स्वीप प्रतियोगिता के आयोजन हेतु शीघ्र ही छात्रों को सूचित किया जावे जिसके अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा।

12. सेक्टर स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत महाविद्यालय में दिनांक 21 नवम्बर 2022 को "शतरंज प्रतियोगिता" का आयोजन किया जाएगा। अतः महाविद्यालय स्तर पर 16 एवं 17 नवम्बर को प्रतियोगिता सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया।

13. छात्रवृत्ति से सम्बंधित सभी कार्यवाही समय पर पूर्ण कर फार्म सम्बंधित विभाग तक भेजी जाएं, ताकि छात्र/छात्राएं लाभान्वित हो सके।

14. विज्ञान की सम्बंधित कक्षाओं में प्रायोगिक कार्य शुरू कर दी जाए एवं समय पर प्रायोगिक कार्य पूर्ण कर लिया जावे।

15. शिक्षक-अभिभावक बैठक, पूर्वछात्र बैठक, कैरियर-काउंसलिंग हेतु तिथि निर्धारित कर बैठक कराई जाये।

16. ICT आधारित अध्ययन-अध्यापन हेतु कम्प्यूटर एवं प्रोजेक्टर का प्रयोग अनिवार्य करते हुए ICT कक्षाओं को समय-सारणी में शामिल किया जाए।

17. प्राचार्य कक्ष हेतु अतिथियों के बैठने हेतु एक सोफा-सेट क्रय करने का निर्णय लिया गया।

18. महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी कराये जाने पर विचार किया गया जिस हेतु शीघ्र ही तैयारी हेतु बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया।

19. ICT कक्षाओं को और सुविधापूर्ण बनाने हेतु LCD पैनल स्क्रीन क्रय करने पर सहमति जताई गई।

20. वार्षिक उत्सव जनवरी के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जाएं, साथ ही विभिन्न गतिविधियां आयोजित करा ली जाएं।

उपरोक्त प्रस्तावों तथा कार्ययोजनाओं को समय-सीमा में लागू करें, तथा पठन-पाठन को और बेहतर बनाने के संकल्प के साथ

बैठक सम्पन्न हुई। IQAC के इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:—

01. निशा कुमारी
02. अनिल पाल
03. युगल्ती प्रियास
04. विधा राजपूत
05. शैलेष कुमार कन्नौजिया
06. कुलाल कुमार सोनी
07. दयानंद कुशवाहा
8. सुनीता मिस्त्री
09. फुलचन्द कुमार
10) शिव कुमारी
11) गोरे साहू
12) ओमशरण शर्मा
13) मंजीत कुमार चौबे

नन्द किशोर सिंह
IQAC प्रभारी

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## उन्नीसवीं बैठक – दिनाँक 13/01/2023

आज दिनाँक 13 जनवरी 2023 को शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के सभाकक्ष में अपराह्न 2:00 बजे प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में अपराह्न 2:00 बजे IQAC की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय सेमिनार" तथा IDP (संस्थागत विकास योजना) के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा थी।

इस बैठक में निम्नांकित बिन्दुओं पर चर्चा की गई:—

1. समिति द्वारा "राष्ट्रीय सेमिनार" के सफल आयोजन हेतु रूपरेखा बनाकर शुभारम्भ, स्वागत एवं सत्रों के आयोजन पर चर्चा की गई।

2. कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं जैसे- राजकीय गीत, सरस्वती वन्दना, उद्बोधन, भेंट से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

3. कार्यक्रम के संचालन हेतु संचालकों का चुनाव किया गया एवं विभिन्न कार्यों हेतु उत्तरदायित्व सौंपे गए।

4. संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु सामग्रियों की सूची तैयार की गई, नामांकन एवं किट वितरण हेतु समिति निर्मित करते हुए संयोजक एवं सदस्यों का निर्धारण किया गया।

5. अतिथियों के ठहरने हेतु आवास व्यवस्था,

भोजन-व्यवस्था, आदि हेतु समिति गठित की गई।

6. मुख्य अतिथि, सभाध्यक्षों एवं मुख्य वक्ताओं की सूची बनाकर उनसे सम्पर्क करना आवागमन एवं आवास व्यवस्था पर चर्चा की गई।

7. संगोष्ठी हेतु समापन सत्र की रूपरेखा बनाई गई।

8. संस्थागत विकास योजना के अन्तर्गत संस्था की ताकत, कमियाँ, चुनौतियाँ एवं अवसर पर चर्चा की गई।

9. महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रम जैसे - विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स जैसे DCA, PGDCA हेतु शासन से मांग एवं अनुमति पर चर्चा की गई।

10. नवीन शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय से सम्बंधित एवं मान्यताप्राप्त एड-ऑन-वैल्यु कोर्स पर चर्चा की गई।

11. संस्था के अगले पांच वर्ष के vision एवं लक्ष्य और उद्देश्यों की पूर्ति हेतु योजना पर चर्चा की गई।

12. IDP से सम्बंधित विभिन्न कार्यों के सम्पादन हेतु समस्त शैक्षणिक स्टॉफ में कार्यों का वितरण किया गया।

13. समस्त कार्यों के सम्पादन में IQAC एवं स्टॉफ काउंसिल के सभी सदस्यों



के द्वारा कार्यों का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया।

14. प्राचार्य महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

इस बैठक में महाविद्यालय के निम्नांकित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे:-

1. श्री योगेश कुमार राठौर -
2. श्री ओमशरण शर्मा -
3. सुश्री सुगन्ती श्रीवास -
4. श्री अनिल पाल -
5. श्री सत्यम कुमार गुप्ता -
6. श्री संगीत कुमार चौबे -
7. श्री शैलेष कन्नौजिया -
8. श्री आनन्द कुमार चौबे -
9. श्री कुणाल सोनी
10. श्री रामसुदर्शन राम
11. श्री गिरवर प्रसाद कोरी
12. श्री फूलचन्द ठाकुर -

13 श्रीमती शिवकुमारी

14 श्रीमती सुनीता बैरागी

15 श्री दयानन्द कुशवाहा

एन. के. सिंह
IQAC प्रभारी

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)



## IQAC बैठक

बीसवीं बैठक - दिनाँक 06 फरवरी 2023

आज दिनांक 06 फरवरी 2023 को शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के सभाकक्ष में अपराह्न 2:00 बजे प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समिति द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर चर्चा की गई :-

1. समिति द्वारा AQAR/IQAC भरने तथा संस्थागत विकास योजना की पूर्णता पर चर्चा की गई।
2. समिति द्वारा AQAR को जल्द ही पूर्ण करने पर जोर देते हुए अंतिम तिथि के निर्धारण पर बल दिया गया।
3. छात्रों के परीक्षा की तैयारी हेतु प्री यूनिवर्सिटी के परीक्षा के आयोजन हेतु तिथि का निर्धारण करते हुए संकायवार, पालीवार परीक्षा तिथि का निर्धारण किया गया।
4. प्री-यूनिवर्सिटी परीक्षा के प्रश्न-पत्र बनाने हेतु सर्वसम्मति से 10 फरवरी 2023 तक समय का निर्धारण किया गया।
5. समिति द्वारा परीक्षा-संयोजकों परीक्षा प्रभारियों की नियुक्ति करते हुए परीक्षा समय-सारणी का निर्धारण किया गया।
6. वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिताओं एवं वार्षिकोत्सव

हेतु तिथि का निर्धारण करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

7. वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिताओं में कुछ नये विधाओं के साथ स्थानीय खेलों को शामिल करने पर सहमति जताई गई। प्रतियोगिताओं हेतु 8, 9, 10 फरवरी 2024 की तिथि निर्धारित किया गया।

8. सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला प्रतियोगिताओं हेतु 24, 25, 27, 28 फरवरी 2024 की तिथि का निर्धारण किया गया।

9. वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु एक विशिष्ट थीम का निर्धारण किया गया जिसमें विभिन्न भारतीय संस्कृति को शामिल करने पर सर्वसम्मति बनी।

10. विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों को निर्देशित किया गया कि प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी समय पर पूर्ण कर ली जावे ताकि विश्वविद्यालय द्वारा तिथि जारी होने पर तत्काल परीक्षाएँ आयोजित कराई जा सके।

11. विश्वविद्यालीय वार्षिक परीक्षा हेतु पालीवार परीक्षा प्रभारियों, केन्द्राध्यक्षों, वीक्षकों की नियुक्ति पर चर्चा की गई।

इस बैठक में शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के निम्नांकित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे:-



(1) श्री ओमशरण शर्मा - [signature]
(2) डॉ. अश्वनी विश्वकर्मा - Ashwani
(3) श्री अनिल पाल - [signature]
(4) श्री सत्यम कुमार गुप्ता - [signature]
(5) श्री [illegible] चौबे - [signature]
(6) श्री शैलेष कन्नौजिया - [signature]
(7) सुश्री युगन्ती श्रीवास - Jugavti
(8) सुश्री विद्या राजपूत - V. Rajput
(9) सुश्री निशा कुमारी - Nisha kumari
(10) श्री क्लासियुस एक्का - [signature]
(11) श्री वैभव कुमार - [signature]
(12) श्री आगस्टिन कुजूर - [signature]
(13) श्री अमरदीप एक्का - [signature]
(14) श्री कुणाल सोनी - [signature]
(15) श्री रामसुदर्शन राम - [signature]
(16) श्री मुकेश कुमार - [signature]
(17) श्री मंजीत चौबे - [signature]

(18) रामसुदर्शन राम

(19) श्री डी. पी. कोरी

एन. के. सिंह
IQAC प्रभारी

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)



आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

वार्षिक कार्यान्वयन प्रतिवेदन
(Annual Action Taken Report)

सत्र - 2022-23

1. सत्र 2022-23 में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की कुल 04 बैठकें आयोजित की गई और महाविद्यालय के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

2. महाविद्यालय में बढ़ती छात्र संख्या को ध्यान में रखते हुए खाली कमरों हेतु विद्यार्थी फर्नीचर क्रय किये गये तथा सभी प्राध्यापकों के शिक्षण कार्य को ध्यान में रखते हुए ऑफिस फर्नीचर भी क्रय किये गये।

3. महाविद्यालय के ग्रंथालय हेतु नवीन किताबें, संदर्भ ग्रंथ, मैगजीन, अखबार आदि तथा क्रीड़ा विभाग हेतु आवश्यक क्रीड़ा-सामग्रियाँ क्रय की गई।

4. छात्र/छात्राओं के अध्ययन की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने हेतु फ्लैट स्क्रीन डिस्प्ले पैनल क्रय कर व्याख्यान कक्ष में लगाया गया।

5. महाविद्यालय द्वारा आंतरिक गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु इकाई मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा, स्वच्छता, जागरूकता इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

6. महाविद्यालय द्वारा संस्थागत विकास योजना बनाकर शासन को सौंपा गया।

7. सत्र के आरंभ में छात्र/छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन कर वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों में छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों की सहभागिता का लाभ लिया गया।

8. अंग्रेजी भाषा में छात्रों को दक्ष बनाने हेतु जनभागीदारी मद से एक जनभागीदारी शिक्षक (अंग्रेजी) की नियुक्ति की गई जिसका लाभ सभी छात्र/छात्राओं को मिला।

9. राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के पात्र कैडेट्स/स्वयंसेवकों को B एवं C प्रमाण पत्र हेतु परीक्षा दिलाया गया एवं राज्य एवं राष्ट्रीय शिविरों में सहभागिता हेतु भेजा गया।

10. महाविद्यालय के पात्र प्राध्यापकों को उन्मुखीकरण/पुनश्चर्या कार्यक्रम हेतु अनुमति दी गई।

11. छात्रों में छिपे आंतरिक प्रतिभा को बाहर लाने हेतु विविध, साहित्यिक, कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इसी तारतम्य में जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय द्वारा किया गया।

12. महाविद्यालय द्वारा "सेक्टर स्तरीय" शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

13. महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी "स्वतंत्रता संग्राम के अध्याय एवं आदर्श" विषय पर कराया गया जिसमें पूरे राष्ट्र के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के अनुभवी शिक्षकों का व्याख्यान रखा गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई (छ.ग.) के माननीय कुलपति प्रो. सदानन्द साही, नागपुर वि.वि. से डॉ. मनोज पाण्डेय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से प्रो. निरंजन सहाय, मगध विश्वविद्यालय से डॉ. सचिन मंदिलवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

नन्द किशोर सिंह
संयोजक IQAC

श्री एस. के. देवांगन
प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

## बैठक

### आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

### इक्कीसवीं बैठक - दिनांक - 06 जुलाई 2023

आज दिनांक 06 जुलाई 2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे प्राचार्य की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में सत्र 2023-24 की आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की प्रथम बैठक आयोजित की गई, जिसकी कार्यवाही विवरण इस प्रकार है:—

① सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अधिकारी-कर्मचारियों का स्वागत करते हुए आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की भूमिका को साझा करते हुए कार्यप्रणाली के बारे में बताया, तत्पश्चात संयोजक श्री एन. के. सिंह द्वारा बैठक के एजेन्डे के बारे में जानकारी दी।

② समिति ने सर्वप्रथम विगत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की एवं कार्यों की प्रगति पर संतोष जताते हुए वर्तमान वर्ष में और ऊर्जा और सक्षमतापूर्वक कार्य करने की योजना पर चर्चा की गई।

③ प्रतिवर्ष की भांति समिति ने शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर का पालन करते हुए वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों को समय-सीमा में सम्पन्न कराने का निर्णय लिया। इसी क्रम में सत्र 2023-24 हेतु प्रवेश समिति के गठन से सम्बंधित चर्चाएं की गई और सीमित स्टॉफ में बेहतर कार्ययोजना को फलीभूत करने का निर्णय लिया गया।

(4) समिति ने शैक्षणिक कार्यों के बेहतर प्रबंध हेतु लगातार कार्यों पर जोर दिया इस हेतु कक्षा कक्ष 04 में ग्रीन बोर्ड का पालन से अधिक सदुपयोग पर जोर दिया गया साथ ही शिक्षकों द्वारा शिक्षक दैनन्दिनी, उपस्थिति रजिस्टर का नियमित संधारण करने पर बल देते हुए माह के 5 तारीख तक प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

(5) स्नातक प्रथम वर्ष में परिवर्तित पाठ्यक्रम को लागू करने पर चर्चा करते हुए पाठ्यक्रम अनुरूप शिक्षण सामग्रियों की व्यवस्था पर प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

(6) महाविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर कक्षाओं के गुणवत्ता पूर्ण संचालन हेतु CBCS पाठ्यक्रम के अनुरूप पर्याप्त व्याख्यान, परियोजना कार्य, दत्त-कार्य, सेमीनार, मूल्यांकन तथा सम्बंधित कक्षाओं में प्रायोगिक कार्य समय समय पर पूर्ण करायी जाये।

(7) समिति ने महाविद्यालय के पठन-पाठन के वातावरण को सहज और बेहतर बनाने हेतु नवप्रवेशी छात्र/छात्राओं के स्वागत समारोह के आयोजन पर निर्णय लिया जिसमें वरिष्ठ छात्रों की 100% सहभागिता होने पर विचार किया गया।

(8) प्रतिवर्ष की भांति जुलाई एवं अगस्त माह में पौधारोपण पखवाड़ा के आयोजन का निर्णय समिति द्वारा लिया गया जिसमें शासन द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं को भी शामिल किया जाये का निर्णय लिया गया। इसी के साथ महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई को ध्यान में रखते हुए शिक्षक-छात्र सहभागिता एवं विभिन्न समितियों का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया।

(9) महाविद्यालय में संचालित दो महत्वपूर्ण इकाइयां राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एन.सी.सी के साथ-साथ अन्य समितियों को भी सक्रियता पूर्वक वर्षभर गतिविधियां कराने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(10) विगत वर्ष की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला गतिविधियों को दोहराते हुए प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया साथ ही गतिविधियों की पंजी एवं छायाचित्र संकलन करने का निर्णय लिया गया।

(11) महाविद्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों को तकनीकी शिक्षा के करीब लाने हेतु कम्प्यूटर प्रयोगशाला को अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक उपयोग करने का निर्णय लिया गया जिस हेतु कम्प्यूटर के शिक्षक श्री ओमशरण शर्मा को मौखिक प्रभार दिया गया।

(12) महाविद्यालयीन शिक्षकों को शालीन एवं गुणवत्ता पूर्ण परिवेश निर्माण हेतु प्रेरित किया गया ताकि वे वर्ष भर ऊर्जापूर्ण होकर शत प्रतिशत योगदान दे सकें।

उपरोक्त प्रस्तावों एवं कार्ययोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और महाविद्यालय के बेहतर पठन-पाठन का माहौल निर्मित करने के निर्णय के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

IQAC के इस बैठक में महाविद्यालय के सदस्य/अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे:-

1. डॉ० अर्पिता गुप्ता (हस्ताक्षर)
2. सत्यम गुप्ता (हस्ताक्षर)
3. विद्या राजपूत (हस्ताक्षर)
4. मंजीत कुमार चौबे (हस्ताक्षर)
5. ओम शरण शर्मा (हस्ताक्षर)
6. योगेश कुमार राठौर (हस्ताक्षर)
7. Dr. A.K. Vishwakarma (हस्ताक्षर)
8. Anand Kumar Choubey (हस्ताक्षर)
9. Shailesh Kumar Kannaujiya (हस्ताक्षर)
10. Yuganti Shriwas (हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर)
प्रभारी
IQAC

(हस्ताक्षर)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

2nd बैठक - दिनांक - 07 नवंबर 2023

आज दिनांक 07 नवम्बर 2023 को अपराह्न 2:30 PM पर प्राचार्य की अध्यक्षता में सभाकक्ष में सत्र 2023-24 की आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी कार्यवाही विवरण इस प्रकार है:-

(1) सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने बैठक में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का स्वागत करते हुए आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ की भूमिका की चर्चा की, तत्पश्चात संयोजक श्री एन. के. सिंह द्वारा बैठक के एजेंडे के बारे में जानकारी दी गई।

(2) समिति द्वारा सर्वप्रथम विगत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई एवं निम्नांकित पहलुओं पर चर्चा की गई

समीक्षा:-

(I) शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार अब तक होने वाली सभी गतिविधियों को समयानुसार पालन करने का प्रयास किया जा रहा है।

(II) प्रथम वर्ष स्नातक की प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण कर ली गई थी एवं द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया परीक्षा परीणाम घोषित होने के 15 दिवस के अन्दर कर लिया गया है।

(III) चूंकि स्नातक द्वितीय/तृतीय वर्ष की कक्षाएँ देर से प्रारंभ हुई हैं अतः पाठ्यक्रम में तेजी से काम किया जा रहा है।

(iv) सभी विषय शिक्षकों द्वारा कक्ष क्रमांक-04 एवं 16 में लगे स्मार्ट डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग क्षमता अनुरूप किया जा रहा है साथ ही अध्ययन अध्यापन से सम्बंधित जानकारियाँ संस्था प्रमुख तक समय पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जैसे शिक्षक दैनन्दिनी, उपस्थिति रजिस्टर आदि।

(v) स्नातक प्रथम वर्ष के परिवर्तित पाठ्यक्रम अनुरूप अध्यापन सम्बंधित व्यवस्थाएं संस्था स्तर पर की जा चुकी है। शेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

(vi) CBCS प्रणाली से संचालित स्नातकोत्तर कक्षाओं में आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, संबंधित शिक्षकों द्वारा पूर्ण तैयारी की जा रही है।

(vii) नवप्रवेशी छात्र/छात्राओं के अध्ययन के माहौल को सहज बनाने हेतु वरिष्ठ छात्रों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया जा चुका है और छात्रों की संख्या महाविद्यालय में काफी अच्छी है।

(viii) माह अगस्त में महाविद्यालयीन अधिकारियों/कर्मचारियों तथा छात्र/छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन "मेरा माटी मेरा देश" के अन्तर्गत किया गया, जिसमें 'राष्ट्रीय सेवा योजना' एवं 'राष्ट्रीय कैडेट कोर" के छात्र/छात्राओं ने शत प्रतिशत भाग लिया।

नवीन कार्ययोजनाएं :-

(i) महाविद्यालय की दो महत्वपूर्ण इकाइयाँ राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन. सी. सी. की गतिविधियों की गति निरन्तर रखते हुए एन. सी. सी. कैडेट्स एवं एन. एस. एस.



स्वयंसेवकों हेतु विशेष शिविर का शीघ्र आयोजन किया जाए इस हेतु निकट के विद्यालयों का चयन अतिशीघ्र करने पर चर्चा की गई।

(ii) सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला एवं क्रीड़ा गतिविधियों को प्रत्येक शनिवार को यथावत रखते हुए विद्यार्थियों को वार्षिक उत्सव से पूर्व पूर्ण करने का प्रयास किया जाए। इस हेतु सभी प्राध्यापकों को यथा अनुसार जिम्मेदारी सौंपी जाए।

(iii) विगत बैठक में लिए गए निर्णय अनुरूप महाविद्यालयीन अधिकारियों कर्मचारियों हेतु डिजिटल शिक्षा को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर प्रयोगशाला को समयानुसार खुला रखा जाए एवं सबकी उपस्थिति सुनिश्चित की जावे।

(iv) विश्वविद्यालयीन अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार इकाई मूल्यांकन एवं अर्धवार्षिक परीक्षाओं हेतु समय-सारणी निर्धारण कर सम्बंधित प्राध्यापकों को जिम्मेदारी सौंपी जाए।

(v) विषय के प्राध्यापक अतिशीघ्र पाठ्यक्रम पूर्णता की जानकारी प्राचार्य को देवें ताकि अर्धवार्षिक परीक्षा हेतु प्रश्नपत्र तैयार की जा सके।

(vi) क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों की तैयारी और बेहतर कराने का प्रयास क्रीड़ा विभाग द्वारा किया जाए ताकि राज्यस्तरी एवं पूर्वी जोन स्तरीय प्रतियोगिताओं में उनका प्रदर्शन और बेहतर हो सके।

(vii) राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यदि अनुमति मिले तो राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन महाविद्यालय द्वारा कराया जाए।

(viii) दिसम्बर-जनवरी के महीने में अर्धवार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए वार्षिक

खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

(1x) AQAR भरने की प्रक्रिया 15 दिसम्बर से पूर्व पूर्ण करने का प्रयास किया जाए ताकि अंतिम तिथि तक सम्पूर्ण जानकारियां अच्छे से भरे जा सके।

(x) एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं रेड क्रास समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए।

उपरोक्त प्रस्तावों एवं कार्ययोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और महाविद्यालय के बेहतर पठन-पाठन का माहौल निर्मित करने के निर्णय के साथ-साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में अग्रलिखित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे:-

01. डॉ. अर्चना गुप्ता (signature)
02. ओमशरण शर्मा
03. सत्यम कुमार गुप्ता (signature)
04. मनीष कुमार चौबे (signature)
05. युगान्ती श्रीवास (signature)
06. अरुणा प्रधान (signature)
07. आनंद कुमार चौबे (signature)
08. सुनील कुमार यादव (signature)
09. Shailesh Kumar Kannaujiya (signature)
10. Dr. Ashwani Vishwakarma (signature)
11. Y. K. Rathor (signature)
12. Umesh gupta (signature)

(signature)
प्रभारी
IQAC

(signature)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)